निम्नलिखित विषयों पर लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

1- आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं । मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।
2- आपके बड़े भाई ने इंजीनियरिंग और मेडिकल की परीक्षा की तैयारी के लिए एक कोचिंग-संस्थान खोला है । उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।
3- आपके पिताजी का 'कंफर्ट' नामक जूते बनाने का उद्योग (कारखाना) है । अपने पिताजी के व्यवसाय के विक्रय एवं संवर्धन के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।
4- आप एक 'उज्ज्वल' सर्फ (डिटर्जेंट पाउडर) कंपनी के स्वामी हैं । अपने उत्पाद के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।
5- आपके भाई ने एक व्यायामशाला खोली है । उस व्यायामशाला के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

1- स्वास्थ्य एवं व्यायाम (संकेत बिंदु : मानव का प्रथम कर्तव्य स्वास्थ्य रक्षा ,स्वास्थ्य के लिए व्यायाम अति आवश्यक, व्यायाम के लाभ)
2- विज्ञापन और हमारा जीवन (संकेत बिंदु: विज्ञापन का उद्देश्य, विज्ञापन के प्रकार, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विज्ञापन)
3- प्लास्टिक एक अनजान जहर (संकेत बिंदु: इसके बिना मानव जीवन असंभव, प्लास्टिक के विभिन्न उपयोग, प्रदूषण का पोषक प्लास्टिक का मानव पर प्रभाव
4- मोबाइल और युवा पीढ़ी (संकेत बिंदु: मोबाइल मनोरंजन का साधन, मोबाइल का युवा पीढ़ी पर प्रभाव, जानकारी में सहायक, हानियाँ)
5- दैव-दैव आलसी पुकारा (संकेत बिंदु: भाग्य के सहारे आलसी रहते हैं , भाग्यवादी अक्सर निकम्मा होता है, आलसी व्यक्ति निराश एवं पर आश्रित रहता है, भाग्यवादियों का जीवन)

निम्नलिखित विषयों पर लगभग 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए

1- अपने विद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम में छात्रों के भाग लेने हेतु प्राचार्य की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।
2- आप 'गोयल नेत्र संस्थान' के प्रमुख हैं । आपकी संस्था में अलीगढ़ से नेत्र-रोग विशेषज्ञ आ रहे हैं । नि:शुल्क नेत्र शिविर में आने हेतु नेत्र रोगियों के लिए लगभग 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।
3- आप अपने विद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष हैं । वसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सरस्वती-पूजन में सम्मिलित होने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।
4- आप अपने विद्यालय की क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष हैं । जूनियर इंटर स्कूल टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के लिए लगभग 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।
5- आप विजय प्रकाश हैं । आप अपने पुत्रों के अनैतिक कार्यों से बहुत परेशान हैं । उनकी कारगुजारियों से बचने के लिए एक सार्वजनिक सूचना तैयार कीजिए ।

निम्नलिखित विषयों पर लगभग 150 शब्दों में लघुकथा लिखिए ।

1- एकता में बल

2- मेहनत की कमाई

3- जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान

4- चार दर्जी और हाथी

5- बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताए । निम्नलिखित विषयों पर औपचारिक-पत्र लिखिए।

1- समाज में बढ़ते अपराधों के संदर्भ में किसी दैनिक अखबार के संपादक को एक पत्र लिखिए ।

2- आपसे अपने बचत खाते की चेक बुक हो गई है । इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने का निवेदन करते हुए बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखिए ।

3- आपके गाँव से दिल्ली तक जाने के लिए परिवहन निगम की बस सेवा उपलब्ध नहीं है । आप परिवहन निगम के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए , जिसमें उनसे अपने गाँव से दिल्ली तक निगम की बस चलाने का अनुरोध किया गया हो ।

4- डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालय में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखिए ।

5- सर्वशिक्षा-अभियान के उत्थान हेतु विद्यालय में सायं कालीन प्रौढ़ शिक्षा की व्यवस्था करवाने की अनुमति माँगते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए

1- वजीर अली को पकड़ने के लिए लंबे समय से अंग्रेज सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे थे , उनके सिपाही भी तंग आ चुके थे । वजीर अली के ऐसे कौन से कारनामे थे जिनको देखकर कर्नल को रोबिनहुड की याद आ जाती थी ? 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए ।

2- आज जापान ही नहीं संपूर्ण विश्व में लोग मानसिक बीमारियों का शिकार होने लगे हैं , ऐसे में जापानियों की कौन सी देन है और किस प्रकार लोगों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है । 'झेन की देन' पाठ के आधार पर विस्तार से बताइए ।

3- सैनिक की साँस थमती गई तथा उसकी नब्ज़ जमती गई । किस आधार पर कवि ने ऐसा कहा है ? 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर बताइए कि सैनिक को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?

4- 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर किसी भी राष्ट्र अथवा नागरिक की सुरक्षा उसके सैनिकों की शहादत पर टिकी होती है 'कर चले हम फिदा' कविता में कवि ने हमसे किन राहों पर काफिले सजाने की बात कही है और क्यों ? विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रकट कीजिए ।

5- 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने मानवीकरण अलंकार (जड़ पदार्थों पर मानवीय चेतना का आरोप) का बहुत ही सुंदर प्रयोग करते हुए पर्वत के सौंदर्य का बखान किया है । प्रमाण सहित कथन की पुष्टि कीजिए ।

6- 'यों जलद यान में विचर-विचर था इंद्र खेलता इंद्रजाल' पंक्ति में कवि ने इंद्र को जादूगर के रूप में चित्रित किया गया है । 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए कि वर्षा ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन देखने को मिलते हैं ?

7- टोपी कोई बुद्धिहीन बालक नहीं था , वह भी पढ़ाई के महत्व को अच्छी प्रकार समझता था फिर भी नवीं कक्षा में वह दो बार फेल हुआ । आपके विचार से वे कौन-कौन से कारण रहे होंगे जिनके कारण टोपी को दो बार फेल होना पड़ा ? 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

8- टोपी के घर में भी परिवार के अनेक सदस्य थे , फिर भी वह अपने आप को अकेला अनुभव करता था । शायद इसी कमी को पूरा करने के लिए उसने इफ्फन से दोस्ती की और उसके घर आने जाने लगा उसके ऐसा करने के पीछे आपको क्या कारण दिखाई देते हैं ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

9- लेखक व उसके साथी आमतौर पर स्कूल जाना पसंद नहीं करते थे । वे अपना सारा समय खेलकूद में ही व्यतीत कर देते थे । आखिर वे कौन से कारण हैं जिनके कारण बच्चे स्कूल जाने से कतराते हैं ? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर तर्क सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

10- 'सपनों के से दिन' पाठ में आपने लेखक व उसके साथियों की स्वभावगत विशेषताओं को जाना । बच्चों के स्वभाव में आजकल के परिवेश तथा उस समय के परिवेश में आप क्या अंतर अनुभव करते हैं ? विस्तार से बताइए।

11- मीडिया का प्रभाव समाज में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । यदि समाज में उस समय मीडिया नहीं होती तो हरिहर काका तथा महंत की स्थिति में आप क्या परिवर्तन पाते ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

12- ईश्वर कण-कण में विद्यमान है । यह जानते हुए भी लोग धर्म के ठेकेदारों के प्रभाव में आकर अपना सब कुछ खो बैठते हैं । आखिर वे कौन से कारण हैं जिनके कारण लोग धार्मिक स्थलों एवं धर्माचार्यों को महत्व देते हैं ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए ।

13- घमंड विनाश का कारण होता है । रावण का उदाहरण जगजाहिर है । कवि ने 'मनुष्यता' कविता में कवि ने धन के घमंड का निषेध किया है । क्या आप कवि से सहमत हैं ? यदि हाँ तो रावण के अतिरिक्त समाज से कोई एक पौराणिक उदाहरण देकर इसकी पुष्टि कीजिए ।

14- हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा जिये वृथा मरे । चंद्रशेखर आजाद , अब्दुल हमीद , भगत सिहँ आदि ने देश की रक्षा के लिए हँसते-हँसते अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया । 'मनुष्यता' कविता के आधार पर कर्ण तथा रंतिदेव का समाज को क्या योगदान रहा , जिसके कारण वे मरकर भी अमर हो गए, उनके योगदान को अपने शब्दों में लिखिए ।

15- प्राचीन समय में राजा बलि अपने समय के बहुत ही प्रतापी राजा थे । दान देने में उनका कोई मुकाबला नहीं था । दान देने के लिए उन्होंने श्री विष्णु अवतार वामन को तीन पग भूमि देने का वचन दिया । जिसमें पहले पग में भगवान वामन ने समस्त पृथ्वी को नाप

लिया , दूसरे पग में स्वर्ग को नाप लिया । तीसरे पग के लिए कोई जगह नहीं बची तो भी वे दान के वचन से पीछे नहीं हटे । बलि ने अपने दान का मान रखने के लिए उनके समक्ष अपना सिर प्रस्तुत कर दिया । दधीचि भी दान के क्षेत्र में राजा बलि के समान ही जाने जाते हैं । दधीचि के दान की चर्चा करते हुए बात की पुष्टि कीजिए ।